# UP Board Important Questions Class 9 भूगोल Chapter 3 अपवाह Bhugol

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
अपवाह क्या है?
उत्तर:
उच्च स्तर से निम्न स्तर की ओर जल के बहने की प्रक्रिया को अपवाह कहते हैं।

प्रश्न 2.
अपवाह द्रोणी किसे कहते हैं?
उत्तर:
एक नदी तंत्र द्वारा जिस क्षेत्र का जल प्रवाहित होता है उसे एक अपवाह द्रोणी कहते हैं।

प्रश्न 3.
विश्व की सबसे बड़ी अपवाह द्रोणी किस नदी की है?
उत्तर:
अमेजन नदी की।

प्रश्न 4.
विश्व की सबसे बड़ी अपवाह द्रोणी कौनसी है?
उत्तर:
अमेजन बेसिन।

प्रश्न 5.
विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप कौनसा है?
उत्तर:
विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप माजोली है।

प्रश्न 6.
भारतीय नदियों के दो प्रमुख समूह कौनसे हैं?
उत्तर:

- हिमालयी नदियाँ
- प्रायद्वीपीय नदियाँ।

प्रश्न 7.
हिमालयी नदियों की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

- ये बारहमासी नदियाँ हैं तथा वर्षा एवं बर्फ के पिघलने से जल प्राप्त करती हैं।
- इनके द्वारा अपने ऊपरी बहाव में सघन अपरदनात्मक क्रियाएँ की जाती हैं।

प्रश्न 8.
हिमालयी नदियों द्वारा उनके मध्य एवं निचले प्रवाह में बनाई गई कुछ आकृतिक संरचनाओं के नाम बताइए।
उत्तर:
इनके द्वारा विसर्प, गोखुर झील, बाढ़ के मैदान, डेल्टा आदि का निर्माण किया जाता है।

प्रश्न 9.
प्रायद्वीपीय नदियों की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

- वर्षा जल पर आधारित होने के कारण वे मौसमी होती हैं।
- हिमालयी नदियों की तुलना में इनका प्रवाह छोटा एवं उथला होता है।

प्रश्न 10.
'नदी-तंत्र' से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
नदी एवं उसकी सहायक नदियों के सम्मिलित रूप को 'नदी-तंत्र' कहते हैं।

प्रश्न 11.
अपवाह प्रतिरूप के विभिन्न प्रकार बताइये।
उत्तर:

- द्रुमाकृतिक अपवाह
- जालीनुमा अपवाह
- आयताकार अपवाह
- अरीय अपवाह।

प्रश्न 12.
सिंधु तथा गंगा नदियाँ कहाँ से निकलती हैं?
उत्तर:
हिमालय पर्वत से।

प्रश्न 13.
सिंधु नदी का उद्गम कहाँ से है?
उत्तर:
सिन्धु नदी का उद्गम तिब्बत में मानसरोवर झील के नजदीक से है।

प्रश्न 14.
भारत एवं पाकिस्तान के बीच सिन्धु जल समझौते पर कब हस्ताक्षर किये गये?
उत्तर:
1960 में।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
भागीरथी एवं अलकनंदा कहाँ मिलती हैं?
उत्तर:
उत्तराखण्ड के देवप्रयाग में।

प्रश्न 16.
गंगा की किन्हीं चार सहायक नदियों के नाम बताइए।
उत्तर:

- यमुना
- घाघरा
- गंडक
- कोसी।

प्रश्न 17.
गंगा की उन सहायक नदियों के नाम बताइए जो प्रायद्वीपीय उच्च भूमि से निकलती हैं।
उत्तर:
चम्बल, बेतवा एवं सोन।

प्रश्न 18.
गंगा कब मेघना कहलाती है?
उत्तर:
गंगा बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र से मिलने के बाद अपने अन्तिम चरण में समुद्र में गिरने से पहले मेघना कहलाती है।

प्रश्न 19.
किन नदियों द्वारा सुंदरवन डेल्टा का निर्माण होता है?
उत्तर:
गंगा एवं ब्रह्मपुत्र।

प्रश्न 20.
सुंदरवन डेल्टा का नाम किस प्रकार पड़ा?
उत्तर:
दलदल भूमि में अच्छी तरह बढ़ने वाली सुंदरी पादपों के नाम पर सुंदरवन डेल्टा का नाम रखा गया।

प्रश्न 21.
सुंदरवन डेल्टा क्यों प्रसिद्ध है?
उत्तर:
यह रॉयल बंगाल टाइगर के लिए प्रसिद्ध है।

प्रश्न 22.
दुनिया का सबसे बड़ा तथा तेजी से बढ़ने वाला डेल्टा कौनसा है?
उत्तर:
सुन्दरवन डेल्टा।

प्रश्न 23.
पृथ्वी के धरातल का कितना भाग जल से ढंका है तथा इसका कितने प्रतिशत भाग स्वच्छ जल है?
उत्तर:
पृथ्वी के धरातल का लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से ढंका है तथा इसका केवल 3 प्रतिशत ही स्वच्छ जल है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
उन दो प्रमुख भागों के नाम बताइये जिनमें भारत के नदी तंत्रों को विभाजित किया गया है। इन भागों के दो-दो प्रमुख लक्षणों को भी बताइये।
उत्तर:
भारत के नदी तंत्रों को निम्न दो भागों में विभाजित किया गया है-

- हिमालय की नदियाँ
- प्रायद्वीपीय नदियाँ।

हिमालय की नदियों के दो लक्षण-

- इस भाग की अधिकतर नदियाँ बारहमासी होती हैं। इनमें वर्ष भर जल बना रहता है।
- हिमालय की नदियाँ प्रायः लम्बी तथा गहरी होती हैं।

प्रायद्वीपीय नदियों के दो लक्षण-

- इस भाग की अधिकतर नदियाँ मौसमी होती हैं। इनका प्रवाह वर्षा पर निर्भर करता है।
- प्रायद्वीपीय नदियाँ अपेक्षाकृत कम लम्बी तथा छिछली होती हैं।

प्रश्न 2.
भारतीय अपवाह तंत्र के कोई चार लक्षण बताइये।
उत्तर:
भारतीय अपवाह तंत्र के चार प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं-

- भारत के अपवाह तंत्र का नियंत्रण मुख्यतः भौगोलिक आकृतियों द्वारा होता है।
- भारत की नदियों को दो मुख्य वर्गों में विभाजित किया जा सकता है-(i) हिमालय की नदियाँ और (ii) प्रायद्वीपीय नदियाँ।
- भारत में बारहमासी और मौसमी दोनों प्रकार की नदियाँ पायी जाती हैं।
- ये नदियाँ अपने अपवाह मार्ग में अनेक प्रकार की स्थलाकृति बनाती हैं।

प्रश्न 3.
प्रायद्वीपीय क्षेत्र की नदियाँ मौसमी क्यों होती हैं?
उत्तर:
प्रायद्वीपीय क्षेत्र की नदियाँ मौसमी होने के निम्न कारण हैं-

https://www.evidyarthi.in/

- इसका मुख्य कारण है कि ये हिमानियों अथवा बर्फ से ढके पर्वतों से नहीं निकलती हैं। इनमें जल की मात्रा वर्षा पर निर्भर करती है।
- ये असमान शैलों वाली सतह पर बहती हैं। इनकी ढाल का अनुपात तीखा होता है।
- इस क्षेत्र में नदियों पर अनेक बाँधों का निर्माण किया गया है।

प्रश्न 4.
भारत में नदियों के प्रदूषण के कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिये।
उत्तर:

- नदी किनारे स्थित कारखानों द्वारा अपना कूड़ा-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है, इससे नदी प्रदूषण होता है।
- शहरी क्षेत्रों का गन्दा पानी भी नदियों में बहाया जाता है, इससे भी नदी प्रदूषण होता है।
- उर्वरकों तथा कीटनाशकों से मिश्रित जल भी नदियों को प्रदूषित करता है। इसके अतिरिक्त भारत में नदियों में शव बहाने की परम्परा भी नदी प्रदूषण को बढ़ाती है।

प्रश्न 5.
भारत में गंगा नदी तन्त्र पर टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
गंगा नदी की मुख्य धारा 'भागीरथी' गंगोत्री हिमानी से निकलती है तथा उत्तराखण्ड के देवप्रयाग में इससे अलकनंदा आकर मिलती है । इसकी कई सहायक नदियाँ हैं जैसे-यमुना, घाघरा, गंडक, कोसी आदि। यह नदी पश्चिमी बंगाल के फरक्का तक बहती है। गंगा नदी की लम्बाई 2500 किमी. से भी अधिक है। गंगा उत्तरी भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण नदी है तथा यह काफी विस्तृत उपजाऊ मैदान का निर्माण करती है।

प्रश्न 6.
ब्रह्मपुत्र नदी तन्त्र पर टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत की मानसरोवर झील के पूर्व तथा सिन्धु एवं सतलुज के स्रोतों के नजदीक से निकलती है। इसका अधिकतर मार्ग भारत के बाहर स्थित है। यह भारत के अरुणाचल प्रदेश में गार्ज के माध्यम से प्रवेश करती है जहाँ इसे दिहांग कहा जाता है तथा दिबांग, लोहित, केनुला एवं दूसरी सहायक नदियाँ इसमें मिलकर असम में ब्रह्मपुत्र का निर्माण करती हैं।

प्रश्न 7.
गोदावरी नदी पर संक्षिप्त लेख लिखिए।
उत्तर:
यह प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी है। यह महाराष्ट्र के नासिक जिले के पश्चिमी घाट की ढालों से निकलती है। इसकी लम्बाई लगभग 1500 किमी. है। यह बहकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। प्रायद्वीपीय नदियों में इसका अपवाह तन्त्र सबसे बड़ा है। इसकी द्रोणी महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा तथा आन्ध्रप्रदेश में स्थित है। गोदावरी की प्रमुख सहायक नदियाँ पूर्णा, वर्धा, प्रान्हिता, मांजरा, वेनगंगा तथा पेनगंगा है।

प्रश्न 8.
भारत में मानवीय गतिविधियों द्वारा नदियों पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा कीजिए।
उत्तर:

- नदियों के जल की बढ़ती घरेलू, नगरीय और कृषि मांग से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। नदियों से अधिक-से-अधिक जल निकाला जाता है जिससे उनका आयतन घटता जा रहा है।
- बहुत बड़ी मात्रा में अनुपचारित मल-जल और औद्योगिक कचरे को नदियों में बहा दिया जाता है।
- बढ़ते नगरीकरण और औद्योगीकरण के कारण बहुत-सी नदियों का प्रदूषण स्तर बहुत बढ़ गया है।

प्रश्न 9.
पश्चिम की ओर बहने वाली प्रायद्वीपीय नदियाँ कौन-कौन सी हैं? इनकी दो-दो विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:
पश्चिम की ओर बहने वाली प्रायद्वीपीय नदियाँ हैं-(i) नर्मदा नदी (ii) तापी नदी।
(i) नर्मदा नदी-(अ) यह नदी मध्य प्रदेश में अमरकंटक की पहाड़ियों से निकलती है।
(ब) यह नदी पश्चिम की ओर एक भ्रंश घाटी में बहती है। इसकी द्रोणी मध्यप्रदेश व गुजरात में विस्तृत है।

(ii) तापी नदी-(अ) यह मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में सतपुड़ा श्रेणी से निकलती है।
(ब) यह नर्मदा के समानान्तर एक भ्रंश घाटी में बहती है तथा इसकी द्रोणी मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में है।

प्रश्न 10.
निर्माण प्रक्रिया के आधार पर झीलों को वर्गीकृत कीजिये।
उत्तर:
निर्माण प्रक्रिया के आधार परं झीलों को निम्नलिखित भागों में बाँटा जा सकता है-

- भूगर्भिक क्रियाओं द्वारा निर्मित झील-वूलर झील।
- हिमानी द्वारा निर्मित झीलें-नैनीताल, भीमताल झीलें।
- वायु द्वारा निर्मित झीलें सांभर तथा पंचभद्रा झीलें।
- लैगून झीलें-चिल्का, पुलीकट, कोलेरू झीलें।
- ज्वालामुखी झीलें-लोनार झील।

प्रश्न 11.
राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।
उत्तर:
राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना-भारत में नदियों में बढ़ते प्रदूषण को रोकने तथा उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (NRCP) बनाई गई है। विस्तृत राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में अब 16 राज्यों की 27 नदियों के किनारे बसे 152 शहरों को शामिल किया गया है। कुल 215 योजनाओं को स्वीकृति दी गई है तथा अब तक 69 योजनाएँ इस कार्य योजना के अन्तर्गत पूरी हो चुकी हैं। इस योजना द्वारा लाखों लीटर प्रदूषित जल को नदियों में जाने से रोककर उसकी दिशा में परिवर्तन करके परिष्करण करने का लक्ष्य रखा गया है।

https://www.evidyarthi.in/